# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 10 जनवरी, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/10-01-2019/print

## विश्व हिंदी दिवस (World Hindi Day)

हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस (World Hindi Day) मनाया जाता है। इसकी शुरुआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने एक दशक पहले 10 जनवरी, 2006 को की थी।

hindi diwas

- विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में हिंदी का प्रचार-प्रसार करना है। इस मौके पर भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा विदेशों में स्थित भारत के दूतावासों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।
- 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस, जबकि 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है।

## नो इंडिया प्रोग्राम (Know India Programm)

हाल ही में भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा  KIP (Know India Programm) का 25 दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

### महत्त्वपूर्ण बिंदु

- KIP भारतीय राज्यों के सहयोग से विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम है।
- भारत में जीवन के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता को बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में देश द्वारा की गई प्रगति की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित यह प्रवासी युवाओं के लिये कार्यक्रम है।
- इसमें 40 प्रतिभागी हैं, जिनमें 26 महिलाएँ हैं। ये प्रतिभागी मुख्यतः 8 देशों से आए हैं।

- यह योजना 2004 में शुरू की गई थी और तब से अब तक विदेश मंत्रालय ने KIP के 49 संस्करणों का आयोजन किया है, जिनमें 1600 से अधिक प्रवासी भारतीय युवाओं द्वारा सहभागिता की गई।

## उद्देश्य

- भारत से जुड़ने के लिये 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के भारतीय डायस्पोरा के छात्रों और युवा पेशेवरों को शामिल करना।
- युवाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें भारतीय कला, विरासत और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं एवं भारत द्वारा की गई प्रगति के बारे में जागरूक करना।